आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 23.02.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– उत्तराखंड, देश में एक मजबूत खेल शक्ति के रूप में उभर रहा है, आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्रीय खेलों का किया जिक्र।
- प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर श्रोताओं से 'एक दिन वैज्ञानिक के रूप में' मनाने और किसी शोध प्रयोगशाला, तारामंडल या अंतरिक्ष केंद्र का दौरा करने का आग्रह किया।
- केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की टीम ने टिहरी जिले के कोडारना गांव का दौरा कर योजनाओं की जानकारी ली।
- आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में आज ग्रुप–ए में भारत का सामना पाकिस्तान से होगा।

**अब समाचार विस्तार से–**

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के आयोजन ने देवभूमि के नए स्वरूप को पेश किया है। आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों का जिक्र किया, जिसमें देशभर से ग्यारह हजार से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड, देश में एक मजबूत खेल शक्ति के रूप में उभर रहा है। श्री मोदी ने राष्ट्रीय खेलों में सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक जीतने वाली सर्विसेज टीम को बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि देश ने पिछले महीने इसरो के 100वें रॉकेट का प्रक्षेपण देखा। उन्होंने कहा कि यह अंतरिक्ष विज्ञान में हर दिन नई ऊंचाइयों को छूने के राष्ट्र के संकल्प को दर्शाता है। श्री मोदी ने कहा कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में तेजी से अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के लोग नई तकनीकों को अपनाने और आजमाने में किसी से पीछे नहीं हैं। इस महीने की 28 तारीख को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से 'एक दिन वैज्ञानिक के रूप में' मनाने और किसी शोध प्रयोगशाला, तारामंडल या अंतरिक्ष केंद्र का दौरा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे विज्ञान के प्रति उनकी जिज्ञासा बढ़ेगी। 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि यह नारी शक्ति को नमन करने का विशेष अवसर है।

## शारदीय कांवड

शारदीय कांवड़ यात्रा के लिए विभिन्न राज्यों से शिवभक्त हरिद्वार पहुंच चुके हैं और गंगा जल लेकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो रहे हैं। हरिद्वार का माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया है। चारों ओर, 'बम बम भोले' और 'हर हर महादेव' के जयकारे गूंज रहे हैं। प्रशासन ने कांवड़ यात्रा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी शिशुपाल सिंह नेगी ने कहा कि कांवड़ मेले को देखते हुए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। मेला क्षेत्र को 6 ज़ोन और 16 सेक्टर में बांटा गया है।

वहीं, कांवड़ यात्रियों का कहना है कि वो हर साल कांवड़ यात्रा में आते हैं और शिवरात्रि के दिन अपने–अपने शिवालयों में जल चढ़ाकर यात्रा संपन्न करेंगे।

## केंद्रीय टीम दौरा

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के 7वें कॉमन रिव्यू मिशन की टीम ने पूर्व केंद्रीय सचिव संजय अग्रवाल के नेतृत्व में टिहरी जिले के नरेंद्रनगर विकास खंड के कोडारना गांव में दौरा किया। इस दौरान टीम ने ग्रामीणों और अधिकारियों से मुलाकात कर केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली। पूर्व केंद्रीय सचिव संजय अग्रवाल ने बताया कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन और चुनौतियों पर लोगों से बातचीत की गई तथा उनमें और सुधार के लिए सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि जनता से सीधा संवाद कर योजनाओं की प्रगति और जरूरतों को समझना है, जिससे सरकार बेहतर नीतियां बना सके।

## आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी

आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में आज ग्रुप–ए में भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। दुबई में यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर ढाई बजे शुरू होगा। हालिया फॉर्म को देखते हुए, भारत का पलड़ा भारी है। 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ छह में से पांच मुकाबले जीते हैं। रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ने बुधवार को बांग्लादेश पर छह विकेट की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। दूसरी ओर, वर्तमान चैंपियन पाकिस्तान को कराची में अपने शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड से 60 रन से हार का सामना करना पड़ा। आज भारत की जीत लगभग सेमीफाइनल में उनकी जगह पक्की कर देगी, वहीं पाकिस्तान को अंतिम चार की दौड़ में बने रहने के लिए ये मैच हर हाल में जीतना होगा।

## विधानसभा सत्र

राज्य विधानसभा की कार्यवाही कल अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। पांच दिवसीय यह सत्र 18 फरवरी से शुरू हुआ था, जिसमें 2025–26 के लिए एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के बजट को मंजूरी दी गई। उत्तराखंड विधानसभा का बजट सत्र इस बार कुल 37 घंटे 49 मिनट तक चला। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने बजट सत्र के दौरान गत शुक्रवार को एक दिन में सबसे लंबा 11 घंटे 51 मिनट तक सदन की कार्यवाही का संचालन कर अपना ही पूर्व का रिकॉर्ड तोड़कर नया रिकॉर्ड बनाया। इस ऐतिहासिक क्षण के लिए उत्तराखंड विधान सभा की समस्त कार्यपालिका और सदस्यगणों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। सभी ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल उत्तराखंड की विधायी प्रणाली में एक नया मानक स्थापित करती है, बल्कि अन्य विधानसभाओं के लिए भी एक प्रेरणा का कार्य करती है। इससे पहले भी उत्तराखंड विधान सभा में लंबे सत्र चलने के कई उदाहरण मिलते हैं।

## प्रदर्शनी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 27 फरवरी को उत्तरकाशी में मां गंगा के शीतकालीन प्रवास मुखबा–हर्षिल का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस दौरान प्रदेश के जिलों की एक उच्च स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना है। यह जानकारी देते हुए चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम से राज्य के सभी पर्यटक स्थलों का बृहद स्तर पर प्रचार–प्रसार होगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का जिला मुख्यालयों, तहसीलों और ब्लॉकों में लाइव प्रसारण किया जाएगा।